इस्पात का उत्पादन

*360. **श्री कलाश नारायण सारंग :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में इस्पात का उत्पादन इसकी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो इसकी औसत वार्षिक मांग और उत्पादन का मात्रावार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि इस्पात उद्योग को विनियंत्रित किये जाने के पश्चात्, कुछ स्वदेशी व्यावसयिक प्रतिष्ठानों ने देश में इस्पात का उत्पादन करने में रुचि दर्शायी है; और

(घ) यदि हां, तो कितने विदेशी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने इस्पात के उत्पादन के लिए देश में अपने एकक स्थापित करने हेतु जून, 1992 के अन्त तक निर्णय कर लिया है ककों की उत्पादन क्षमता कितनी

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) :(क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1991–92 को समाप्त होने वाली 3 वर्ष की अवधि के लिए 156.2 लाख टन परिसज्जित इस्पात की औसत वार्षिक मांग की तुलना में उसी अवधि के दौरान परिसज्जित इस्पात का औसत वार्षिक उत्पादन 135.8 लाख टन हुआ।

(ग) जी, हां।

(घ) हालांकि नई इस्पात परियोजनाओं को कार्यान्वित करने अथवा विद्यमान परियोजनाओं का विस्तार करने के लिए भारतीय कम्पनियों में विदेशी उद्यमों/अनिवासी भारतीयों द्वारा साम्य भागीदारी के लिए कुछ मामलों में मंजूरी दे दी गयी है परन्तु इस्पात के उत्पादन के लिए देश में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए विदेशी व्यावसायिक उद्यमों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

Consumption of fertilizers in Guntur District of Andhra Pradesh

£2423. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what is the total quantity of fertilisers used in Guntur district of Andhra Pradesh per annum;

(b) what is the value of the same; and

(c) what is the rank of this district in fertiliser consumption in the entire country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN) : (a) and (b) The average per annum consumption of fertilisers in Guntur district of Andhra Pradesh in the last five years is 1.62 lakh tonnes N+P+K at approximate value of Rs. 90 crores.;

(c) During the year 1990-91, Guntur district stood first in fertiliser consumption.

उत्तर प्रदेश में नकदी फसलों की पैदावार

2424. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991–92 के वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में नकदी फसलों की कितनी पैदावार हुई थी ;

£Previously Unstarred Question 146, transferred from 23rd July, 1992.